# रक्षाबंधन से पहले खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 6 अगस्त।** रक्षाबंधन जैसे पवित्र त्यौहार पर आमजन को मिलावट रहित और सुरक्षित खाद्य

**मिलावट पर कस रहा शिकंजा**

सामग्री उपलब्ध हो, इसे सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग की टीम ने जिले में डेयरियों और मिठाई निर्माण प्रतिष्ठानों पर छापामार कार्रवाई की।

इस अभियान का नेतृत्व खाद्य सुरक्षा अधिकारी रीना बंसल और रेखा सोनी ने किया। कार्रवाई में जिला आपूर्ति अधिकारी सहित एक संयुक्त दल भी मौजूद रहा। टीम ने विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर मावा, घी, बिस्कुट, टोस्ट और पानी के कुल पांच प्रतिष्ठानों से नमूने लिए। जिसमें ग्राम बिरखड़ी स्थित प्रशांत शर्मा की डेयरी से मावा और घी, ग्राम शेरपुर (गोहद) में रामबहादुर सिकरवार की डेयरी से पनीर, ग्राम मोतीसिंह का पुरा में एम एंड जी बेकरी से बिस्कुट और टोस्ट, ग्राम सौंधा की न्यू जैन डेयरी से मावा, पनीर और घी के नमूने लिए गए। ये सभी नमूने खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के अंतर्गत विश्लेषण के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं। जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषी पाए जाने पर संबंधित प्रतिष्ठानों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस अभियान का उद्देश्य न केवल मिलावटखोरी पर रोक लगाना है, बल्कि उपभोक्ताओं को त्यौहार के समय स्वच्छ और सुरक्षित खाद्य सामग्री सुनिश्चित कराना भी है। प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध खाद्य सामग्री की जानकारी तुरंत खाद्य विभाग या प्रशासन को दें, ताकि मिलावटखोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सके। यह अभियान आने वाले अन्य त्योहारों को देखते हुए लगातार जारी रहेगा।

# मेहगांव शासकीय महाविद्यालय में मनाया कारगिल विजय दिवस

**मेहगांव, 6 अगस्त।** शासकीय महाविद्यालय में बुधवार को कारगिल विजय दिवस के अवसर पर एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार डाबरिया के निर्देशन में एवं कार्यक्रम प्रभारी दुर्गेश कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ-साथ 30 एमपी बीएन एनसीसी भिण्ड बटालियन के जवानों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को भारतीय सेना के शौर्य और बलिदान से अवगत कराना तथा देशभक्ति की भावना को प्रबल करना रहा। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं द्वारा कारगिल युद्ध (1999) में भारतीय सेना द्वारा दिखाई गई वीरता, कठिन परिस्थितियों में अद्भुत साहस और देश के लिए दिए गए बलिदान की गाथाएं साझा की गईं। विद्यार्थियों को बताया गया कि किस प्रकार हमारी सेना ने विषम भौगोलिक परिस्थितियों में भी दुश्मन को परास्त कर तिरंगे की शान को कायम रखा। महाविद्यालय परिवार के समस्त शिक्षकों, स्टाफ और छात्रों ने कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी निभाई और शहीदों को नमन किया। कार्यक्रम ने छात्रों में देशभक्ति, अनुशासन और सेवा-भावना को और भी मजबूत किया।







# विधिक साक्षरता एवं वृक्षारोपण शिविर का आयोजन

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 6 अगस्त।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उमेश पाण्डव के कुशल मार्गदर्शन में स्वरूप विद्या निकेतन स्कूल भिंड में विधिक साक्षरता-जागरूकता शिविर सह पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर अनुभूति गुप्ता, न्यायाधीश सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं सत्यम देवलिया, न्यायाधीश मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को नालसा जनजातीय अधिकार संरक्षण योजना, 2015 तथा नालसा जागृति योजना, 2025 के अंतर्गत जनजातीय समुदायों के अधिकारों की जानकारी सहज भाषा में प्रदान की। इसके अतिरिक्त दोनों न्यायाधीशों ने बच्चों को साइबर अपराध, सोशल मीडिया से जुड़ी सावधानियों और मोबाइल फोन के दुरुपयोग से बचाव के विषय में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आज के समय में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं, जिनसे सजग रहना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में फलदार एवं छायादार पौधों का पौधरोपण भी किया गया। बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए नियमित रूप से पौधारोपण एवं देखभाल की प्रेरणा दी गई। अजय कुमार त्रिपाठी, डिप्टी चीफ एलएडीसी ने बच्चों को बताया कि यदि कोई साइबर अपराध घटित होता है तो उसकी शिकायत संबंधित थाने की साइबर सेल में दर्ज कराई जा सकती है। साथ ही, नालसा का टोल फ्री नंबर 15100 और नालसा ऐप के माध्यम से निःशुल्क कानूनी सहायता भी प्राप्त की जा सकती है। कार्यक्रम में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी उमेश सिंह भदौरिया, विद्यालय प्राचार्य शिवनाथ दुबे, शिक्षकगण, मनोज कुमार श्रीवास और बड़ी संख्या में विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

# भाजपा सरकार को विपक्ष के सवालों से घबराहट

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 6 अगस्त।** मध्यप्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और उप नेता हेमंत कटारे के तीखे और तथ्यपूर्ण सवालों से भाजपा सरकार घबरा गई है। यह आरोप कांग्रेस प्रदेश मीडिया

**कांग्रेस प्रवक्ता का आरोप**

पैनलिस्ट व प्रवक्ता डॉ. अनिल भारद्वाज ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति के माध्यम से लगाए।



डॉ. भारद्वाज ने कहा कि दोनों युवा नेताओं ने सदन में मुख्यमंत्री मोहन यादव और उनके मंत्रियों को भ्रष्टाचार के मुद्दे पर घेरा, जिससे सरकार की जवाबदेही कटघरे में आई। इसके प्रतिउत्तर में, सरकार ने विपक्ष पर दबाव बनाने के लिए उप नेता हेमंत कटारे को एक पुराने, हाईकोर्ट से समाप्त हो चुके प्रकरण में पुनः सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर घिनौना प्रयास किया है।

कांग्रेस प्रवक्ता ने सरकार पर तीखा कटाक्ष करते हुए कहा कि यह सरकार अब भैंस जैसी हो गई है- न सुनती है, न समझती है, न प्रतिक्रिया देती है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार को न युवाओं के रोजगार की चिंता है, न किसानों की।

महंगाई, बेरोजगारी, ओबीसी आरक्षण और लाड़ली बहना योजना के अधूरे वादों पर जब विपक्ष सवाल उठाता है, तो सरकार बहस से भाग जाती है। डॉ. भारद्वाज ने यह भी कहा कि विपक्ष को जांच एजेंसियों और झूठे मामलों में फंसा कर डराने का प्रयास, लोकतंत्र की आत्मा को कुचलने जैसा कृत्य है, जो जनता बर्दाश्त नहीं करेगी।

# पुलिस को मिली बड़ी सफलता, अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 6 अगस्त।** जिले में अवैध शराब की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान में मेहगांव थाना पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। एसपी डॉ. असित यादव, एएसपी संजीव पाठक और एसडीओपी संजय कोच्छा के निर्देशन में चलाए जा रहे नशा मुक्ति व अवैध शराब विरोधी अभियान के अंतर्गत कार्रवाई को अंजाम दिया गया।




मेहगांव थाना टीआई महेश शर्मा ने बताया कि मंगलवार-बुधवार की रात करीब 1 बजे मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि भिंड-ग्वालियर हाईवे पर बरहद मोड़ के आगे एक ब्राउन कलर की डस्टर कार एचआर 26 सीके 7458 में भारी मात्रा में अवैध देशी शराब परिवहन की जा रही है। सूचना के आधार पर टीआई शर्मा ने फोर्स के साथ घेराबंदी कर उक्त वाहन को रोका। तलाशी लेने पर कार से 18 पेटियों में रखे 900 क ?वॉर्टर देशी प्लेन शराब बरामद की गई। जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 3 लाख 80 हजार रुपए है। कार में बैठे युवक रितिक किरार निवासी पोरसा और राहुल शाक ?य संतोष नगर भिंड से पूछताछ की, तो कुछ बता नहीं पाए। मौके पर दोनों आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया।

**आरोपियों को भेजा गया जेल :** दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कर उन्हें न्यायालय मेहगांव में पेश किया गया, जहां से उन्हें उप जेल मेहगांव भेजा गया है। यह कार्रवाई समक्ष पंचानामा विधिवत रूप से की गई।

# मेहगांव जनपद पंचायत में नहीं थम रहा भ्रष्टाचार



**नवभारत न्यूज**
**मेहगांव, 6 अगस्त।** ग्राम पंचायत अक्लोनी गांव के लोगों ने पूर्व सरपंच सत्य प्रकाश श्रीवास सेक्रेटरी रामकिशोर कुशवाह के खिलाफ मेहगांव एसडीएम मे कार्यालय मे ज्ञापन दिया उसमें भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए।

ग्रामीणों का कहना है फौजदार सिंह भदौरिया के मकान से लेकर

**एसडीएम कार्यालय मे दिया ज्ञापन**

श्याम सिंह भदोरिया के पुरा तक का रोड का टेंडर हुआ था अभी तक सिंदूर रोड का शुरूआत नहीं हुई। आरोप है कि पूर्व सरपंच सत्य प्रकाश श्रीवास सेक्रेटरी द्वारा मिलकर रोड बिना बनाए पैसे निकाल लिए गए जब गांव वालों ने सेक्रेटरी और पूर्व से सरपंच बात की उनसे कहा आप ने पैसे निकाल लिए रोड नहीं बनाई , पूर्व सरपंच ने कहा दो, चार दिन में करवाते है मेरी किसी से बात हो गई है वहीं जगदीप भदोरिया ने कहा कि चार पांच साल से नहीं बनी रोड दो दिन में कैसे बन सकती है।

जिला उपाध्यक्ष जगदीप भदोरिया रामवीर सिंह, अजरविहारी, जसमत, धर्मवीर सिंह, वीरेंद्र सिंह, श्याम सिंह, सोनूसही कई लोग उपस्थित रहे।

# कैलाश मानसरोवर मुक्ति संकल्प को संतजनों का पूर्ण आशीर्वाद

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 6 अगस्त।** भारत तिब्बत सहयोग मंच के राष्ट्रीय आव्हान पर आयोजित कैलाश मानसरोवर मुक्ति संकल्प अभियान अंतर्गत शिव महापुराण कथा महोत्सव में देशभर से पधारे पूज्य संत महापुरुषों ने भागीदारी कर इस ऐतिहासिक अभियान को न केवल आध्यात्मिक आशीर्वाद प्रदान किया, बल्कि स्पष्ट समर्थन भी दर्ज किया। कार्यक्रम के दौरान हजारों श्रद्धालुओं और युवाओं ने मुक्त कैलाश - आज़ाद तिब्बत - सुरक्षित भारत का सामूहिक संकल्प लिया। आयोजन धार्मिक कथा के साथ-साथ एक राष्ट्रीय और सांस्कृतिक चेतना के




रूप में भी स्थापित हुआ।

कथावाचक आचार्य प्रशांत तिवारी का आध्यात्मिक संदेश: कैलाश पर्वत कोई साधारण भूखंड नहीं, बल्कि भगवान शिव की दिव्य चेतना का प्रतीक है। उसकी मुक्ति, सनातन संस्कृति की आत्मा की मुक्ति है। यह संकल्प एक ऐसी आध्यात्मिक क्रांति का बीज है, जो धर्म, राष्ट्र और मानवता के हित में फल देगा।

स्वामी प्रेमानंद महाराज (चामुंडा धाम, अटेर) : कैलाश केवल पर्वत नहीं, शिव का प्राणधाम है। इसकी मुक्ति के बिना भारत की आत्मा अधूरी है। हरिनिवास महाराज (चीलोंगा धाम)। सनातन धर्म अब जाग रहा है — कैलाश मुक्ति हमारा धर्मदायित्व है। यह केवल आंदोलन नहीं, साधना है। सन्त श्री मौहनमोनू महाराज (कुण्डेश्वर धाम। यह भारत की आत्मा की पुकार है — कैलाश की मुक्ति तक हमें रुकना नहीं है। हरिओमदास महाराज (भूमिया सरकार) जैसे गंगा अविरल होनी चाहिए, वैसे ही कैलाश स्वतंत्र होना चाहिए - यह धर्म और राष्ट्र की एकजुट पुकार है।

हनुमान दास महाराज (कोषड माता धाम) अब शिवभक्तों को मौन नहीं रहना चाहिए — महादेव के धाम की रक्षा के लिए सभी आगे आएं। शिवानंद सरस्वती जी (नर्मदेश्वर आश्रम, सुरपुरा) कैलाश मुक्ति भारत के आध्यात्मिक पुनर्जागरण की शुरुआत है। यह संकल्प श्रद्धा, आत्मबल और संगठन का प्रतीक है।

# सरकारी स्कूल का किया औचक निरीक्षण

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 6 अगस्त।** लहार एसडीएम विजय सिंह यादव एवं ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अरुण मिश्रा ने लहार क्षेत्र के हाईस्कूल

**अनुपस्थित शिक्षकों पर कार्रवाई के निर्देश**

एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान स्कूलों में बच्चों की कम उपस्थिति और शिक्षकों की लापरवाही उजागर हुई, जिस पर तत्काल प्रभाव से सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए।



जसावली हायर सेकेंडरी स्कूल में कुल 200 दर्ज बच्चों में से मात्र 27 छात्र उपस्थित मिले। वहीं तीन अतिथि शिक्षक भूपेंद्र सिंह, वर्षा वैध एवं मनोज सिंह बिना सूचना अनुपस्थित पाए गए, जिनका 7-7 दिन का वेतन राजसात करने के निर्देश बीईओ रौन को दिए गए। कमलेश रायपुर हायर सेकेंडरी स्कूल की स्थिति और भी गंभीर रही। 17 पदस्थ शिक्षकों में से 11 शिक्षक अनुपस्थित, जबकि 202 बच्चों में से केवल 12 छात्र ही उपस्थित थे।

जांच में पाया गया कि 5 शिक्षक रजिस्टर में हस्ताक्षर करने के बावजूद स्कूल में मौजूद नहीं थे। इसके अलावा, अन्य 6 शिक्षक बिना सूचना के गैरहाजिर पाए गए। सभी 11 शिक्षकों का 5-5 दिन का वेतन राजसात किया गया। बोनापुरा हाईस्कूल में शिक्षक अनूप मिश्रा तीन दिन से अनुपस्थित मिले, जिनका 3 दिवस का वेतन राजसात करने के निर्देश दिए गए।

साथ ही, पदस्थ प्राचार्य कमलेश नारायण त्रिपाठी की शैक्षणिक उदासीनता एवं अनुपस्थित शिक्षकों की हाजिरी रजिस्टर में एंट्री न करने के कारण उनके विरुद्ध गंभीर अनुशासनात्मक कार्रवाई हेतु पत्र कलेक्टर भिंडको प्रेषित किया गया है। निरीक्षण के दौरान एसडीएम विजय सिंह यादव ने छात्रों के साथ संवाद कर कक्षा 11वीं एवं 12वीं के बायोलॉजी और एग्रीकल्चर विषयों की कक्षा ली और विद्यार्थियों को अध्ययन में सुधार हेतु मार्गदर्शन भी दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिक्षा व्यवस्था में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और समय-समय पर इसी प्रकार निरीक्षण कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# खुद के खर्चे से बेजुबान को इलाज के लिए लाए आश्रम

**नवभारत न्यूज**
**मेहगांव, 6 अगस्त।** कुछ दयालु और नेकदिल लोग रात के करीब 12:30 बजे अपने निजी वाहन से भिंड से लगभग 300 किलोमीटर दूर गुना शहर से करीब 8 घंटे का लंबा सफर तय किया। उनका एकमात्र उद्देश्य था एक बेजुबान पशु की जान बचाना, जो असहनीय दर्द और तकलीफ में था। इस बेचारे बेजुवान का जबड़ा टूटा हुआ था और यह दोनों आंखों से अंधा था।



हमारे इंसानियत आश्रम में न केवल इस तरह की घटनाएं असामान्य नहीं हैं, बल्कि यहाँ लगभग हर दिन गुना, ग्वालियर, शिवपुरी, इटावा, भरथना, अलीगढ़ जैसे अन्य कई दूर-दराज के स्थानों से घायल और पीड़ित बेजुबान पशुओं को लाया जाता है। दूर दराज से आए लोगों से पूछने पर हमें एक ही बात पता चली उनका कहना था कि हमारे शहर में गौशाला तो काफी हैं लेकिन कोई भी ऐसा आश्रय स्थल नहीं है जिसमें श्वान, बंदर, बिल्ली जैसे पशुओं को रखा जा सके। और जब हमें इंसानियत आश्रम के बारे में पता चलता है तो हम तुरंत ही यहां लेकर आते हैं क्योंकि यहां किसी भी असहाय को मना नहीं किया जाता और किसी से इसके लिए कोई शुल्क भी नहीं लिया जाता है और अपने बच्चों की तरह इन बेजुवानो का ख्याल रखा जाता है। ईश्वर हमें इतनी शक्ति प्रदान करे कि हमारे आश्रम में चाहे कोई कितनी ही दूर से आए, हम कभी किसी को निराश न लौटाएं। साथ ही, अंतिम सांस तक हमें निस्वार्थ भाव से बेजुबानों की सेवा करने की शक्ति देना।

## नप ने 48 अस्थाई अतिक्रमणधारियों को किया चिह्नित

**भांडेर, 6 अगस्त।** नगर परिषद भांडेर द्वारा नगर क्षेत्र में चल रहे अतिक्रमण विरोधी अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। नगर परिषद ने मंगलवार को 48 अस्थाई अतिक्रमणधारियों को चिन्हित कर उनके स्थानों पर चूना डलवाया। यह कार्रवाई आगामी अतिक्रमण हटाने की पूर्व सूचना मानी जा रही है। नगर परिषद द्वारा पूर्व में भी इन अतिक्रमणकारियों को कई बार नोटिस जारी किए जा चुके हैं, लेकिन अतिक्रमण नहीं हटाने पर अब सख्ती बरती जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि नगर की सुंदरता और यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह जरूरी कदम है। नगर परिषद अधिकारियों ने संकेत दिए हैं कि यदि स्वयं से अतिक्रमण नहीं हटाया गया, तो जल्द ही जेसीबी के माध्यम से कार्रवाई कर अतिक्रमण हटाया जाएगा। इससे पहले लोगों को अंतिम अवसर देते हुए चूने के निशान डालकर चेतावनी दी गई है। नगरवासियों ने भी नगर परिषद की इस पहल का स्वागत किया है और उम्मीद जताई है कि इस कार्रवाई से मुख्य बाजार और सड़क मार्ग सुचारु होंगे। अब देखना होगा कि नगर परिषद द्वारा चिन्हित स्थानों से आज अतिक्रमण हटाया जाता है या नहीं।

# गणेशोत्सव में बिजली कनेक्शन के लिए किए विशेष प्रबंध

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 6 अगस्त।** गणेशोत्सव 27 अगस्त एवं आगामी त्यौहारों के मद्देनजर म.प्र. मध्य क्षेत्र विद्युत

**नागरिकों से की गई जागरूक अपील**

वितरण कंपनी लिमिटेड के एसई अमरेश शुक ?ला ने धार्मिक पंडालों एवं झांकियों के लिए अस्थायी विद्युत कनेक्शन के लिए व्यापक




प्रबंध किए गए हैं। इस संबंध में महाप्रबंधक ने जानकारी देते हुए कहा कि त्योहारों के दौरान बिजली संबंधी किसी प्रकार की समस्या या दुर्घटना से बचने के लिए सभी आयोजकों को नियमानुसार अस्थायी विद्युत कनेक्शन लेना अनिवार्य है।

उन्होंने कहा कि गणेशोत्सव जैसे पर्वों में बिजली साज-सज्जा और झांकियों के संचालन हेतु अस्थाई कनेक्शन हेतु बिजली कंपनी के पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। आवेदक को लायसेंसधारी विद्युत ठेकेदार की टेस्ट रिपोर्ट संलग्न करनी होगी और पूरी वायरिंग भी मान्यता प्राप्त ठेकेदार से ही करवाना अनिवार्य होगा। आवेदित विद्युत भार के अनुसार सुरक्षा निधि एवं अनुमानित बिजली खपत की राशि अग्रिम जमा कर अस्थायी कनेक्शन की रसीद प्राप्त की जा सकती है। रसीद की लेमिनेटेड प्रति पंडाल/झांकी पर स्पष्ट रूप से चिपकाना अनिवार्य है।

**अनधिकृत उपयोग पर सख्त कार्रवाई :** महाप्रबंधक ने कहा कि बिना अस्थायी कनेक्शन लिए, या निर्धारित विद्युत भार से अधिक उपयोग करने पर विद्युत अधिनियम 2003 के तहत आयोजक एवं संबंधित विद्युत ठेकेदार पर कानूनी कार्यवाही की जाएगी। साथ ही, ठेकेदार का लायसेंस निरस्त करने की कार्रवाई भी की जा सकती है।

**सफेद तार और हीटरों के प्रयोग पर सख्ती**

विद्युत विभाग ने यह भी चेताया है कि अमानक सफेद तार एवं हीटरों का प्रयोग पूरी तरह वर्जित है। यह तार आग लगने जैसी दुर्घटनाओं का कारण बन सकते हैं। विभाग द्वारा समय-समय पर चेकिंग अभियान चलाकर इन तारों को जप्त कर नष्ट किया जा रहा है। महाप्रबंधक ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग विद्युत सुरक्षा के नियमों का पालन करें, अमानक तारों से परहेज करें और केवल अधिकृत माध्यम से ही विद्युत कनेक्शन लें। इससे त्यौहार सुरक्षित, व्यवस्थित और दुर्घटनारहित रहेंगे।